हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 नहरों की होगी मरम्मत, विभाग ने तैयार ...



10 कमिश्नर ने किसानों को भावांतर योजना के लाभों की...



## खबर संक्षेप

### योजना का लाभ लेने किसानों से की अपील

**नर्मदापुरम।** भावांतर भुगतान योजना के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 है। योजना के तहत पंजीयन करने के लिए सोसायटी स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र (जिले में स्थापित किए गए है 15 पंजीयन केंद्र), ग्राहक सेवा केन्द्र/एमपी ऑनलाइन कियोस्क, या फिर सीधे ९एमपी किसान ऐप९ पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले में लगभग 7110 से अधिक किसानों ने 19823 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया है। कलेक्टर ने अपील की है कि सभी किसान भाई पंजीयन करें और योजना का लाभ उठाएं।

### सीईओ जैन ने दिए लक्ष्यपूर्ति के निर्देश

**नर्मदापुरम।** गुरूवार को जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नर्मदापुरम में जून तिमाही के लिए डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जिले के सभी संबंधित विभाग प्रमुखों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला बैंक समन्वयक और सभी बैंकों के शाखा प्रमुख डीएलसीसी बैठक में सम्मिलित हुए। सीईओ जैन ने सभी योजनाओं की समीक्षा की।

### कल मनेगी धनतेरस, आज से शुरू होगी खरीदी प्रारंभ

# सजने लगा दीपावली का बजारा, नगर के सराफा बाजार में शोरूम में बढ़ी आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली पर लगने वाला बाजार सजने लगा है। शहर में थोक एवं फुटकर दुकानों पर खरीदारों की आवक बढ़ने लगी है। दूसरी ओर ग्राहको को लुभाने के लिए आकर्षक डिस्काऊंट और लुभावने गिफ्ट की बहार आई हैं। अनुमान जताया जाता है कि इस वर्ष करोड़ों के ऊपर कारोबार होगा। दूसरी ओर सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कमी करने के कारण भी बाजार में रौनक बढ़ेगी।

व्यापारियों को अनुमान है कि इस वर्ष सर्वाधिक खरीदी किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए ग्राहकों की ओर से होगी क्योंकि अनेक कृषि उपकरणों पर और सामानों पर जीएसटी कम होने से उनके दाम घटे हैं ऐंसे में किसान पर आर्थिक बोझ कम होगा और वह जमकर खरीदी करेंगे।

दीपावली को अब मात्र 4 दिन शेष है इससे पहले नगर में बाजार सजने लगे हैं। इस दौरान बाजार में रौनक बढ़ने से व्यापारी खुश नजर आए।



### गरीब बच्चों के लिए लगेंगे शुभ लाभ काउंटर

नगरपालिका 18 अक्टूबर को धनतेरस के दिन पूजन के साथ दिवाली बाजार का शुभारंभ करेगी। एसएनजी ग्राउंड पर लगने वाले इस बाजार में पूजन सामग्री, मां लक्ष्मी की मूर्तियां, झाड़ू, चिरोंजी, लाई-पताशे, मिट्टी के दीपक और घर की सजावट का सामान बेचने वाली छोटी-बड़ी दुकानें एक ही जगह पर लगेंगी। इसका उद्देश्य शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त रखना भी है। इस साल नगरपालिका एक नई पहल भी कर रही है। बाजार के दोनों एंट्री गेट पर 'शुभ-लाभ काउंटर' बनाए जाएंगे। यहां शहर के नागरिक और दुकानदार गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए पूजन सामग्री या अन्य वस्तुएं दान कर सकेंगे। इस दान सामग्री से गरीब परिवारों के बच्चों की दिवाली को रोशन करने का प्रयास किया जाएगा। नपा अध्यक्ष नीतू यादव ने बताया, ९त्योहारी बाजार में स्थानीय लोगों द्वारा बनाई हुई वस्तुओं की बिक्री होती है। उनको बढ़ावा देने के लिए नगर पालिका परिषद ने लगातार तीसरे साल यह निर्णय लिया है कि दुकानदारों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### पूर्व की भांति एसएनजी ग्राउंड पर ही लगेगा दीपावली का पारंपरिक बाजार, नहीं होगा यातायात बाधित

नर्मदापुरम के एसएनजी स्टेडियम ग्राउंड पर दिवाली बाजार सजना शुरू हो गया है। इस साल भी नगरपालिका परिषद ने स्थानीय दुकानदारों को तोहफा देते हुए बाजार को पूरी तरह फ्री कर दिया है। नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने घोषणा की है कि ग्राउंड में लगने वाली 150 से ज्यादा दुकानों से किसी भी तरह का बैठकी शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह फैसला 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार तीसरे साल लिया गया है।

## दुकानों के सामने रखना होगा डस्टबिन, पॉलिथिन प्रतिबंधित

### पटाखा बाजार में नपा ने जारी किए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और राजस्व सभापति निर्मला हंस राय के निर्देश पर आज गुप्ता ग्रांउड में दुकानदारों को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि पटाखा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर दुकानदारों को दुकानों के सामने डस्टबिन रखने, कचरा न करने तथा फस्ट यूज पालिथिन का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।

समस्त दुकानदारों को स्वच्छता संबंधी समझाइश दी गई। फटाखा बाजार में सतीष यादव सहित नगरपालिका की टीम उपस्थित रही।

### डॉ शैलेंद्र नेमा ने किया छात्रावास का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा संचालित गुणवत्ता उन्नयन एवं विशेष नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, छात्रावासों एवं संस्थाओं का निरीक्षण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है।इटारसी स्थित अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सिविल सर्जन डॉ. शैलेंद्र नेमा द्वारा किया गया। डॉ. नेमा द्वारा छात्रावास की व्यवस्थाओं, क्रियाविधि एवं शैक्षिक वातावरण का अवलोकन करते हुए छात्रावास अधीक्षक एवं स्टाफ की प्रशंसा की गई। उन्होंने छात्रहित में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रावास का अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण उत्कृष्ट है।

## कमिश्नर ने तवा नहरों की स्थिति जानने सिवनी मालवा के टेल क्षेत्र के ग्रामों का किया भ्रमण, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को तवा नहरो की स्थिति जानने के लिए सिवनी मालवा के टेल एरिया के ग्रामों रोहना 528 चैन कैनाल, बमुरिया, बैराखेड़ी मोहारी 73 चैन कैनाल, भिलाडिया उपनहर माइनर 101 चैन के ग्राम भरलाई एवं ग्राम रावन पीपल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने नहरो से होने वाली सिंचाई, सोयाबीन एवं धान की फसलों की स्थिति एवं आगामी गेहूं की फसल की बोवनी के संबंध में किसानों से चर्चा की। कमिश्नर ने सभी किसानों को नरवाई ना जलाने की समझाइश भी दी। भ्रमण के दौरान किसानों ने अपनी खाद की समस्या एवं अत्यधिक बारिश से खराब हुई सोयाबीन फसल के बारे में कमिश्नर को अवगत कराया। कमिश्नर ने सभी ग्रामों के किसानों को अवगत कराया की तवा नहर की मुख्य डेम 121 चैन की मरम्मत की जा रही है। मरम्मत का कार्य 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जिसके कारण इस बार नहरो से पानी छोड़ने में कुछ समय लगेगा। कमिश्नर ने कहा कि नहरो की मरम्मत आवश्यक है बिना नहरो की मरम्मत के यदि तवा डेम से पानी छोड़ा गया तो नहर के टूटने का खतरा रहेगा साथ ही पानी भी व्यर्थ बर्बाद जाएगा और किसानों तक नहीं पहुंच पाएगा।



कमिश्नर ने ग्राम रोहना, बैराखेड़ी बमुरिया, मोहारी, भरलाई, रावन पीपल ग्राम के किसानों को समझाइश दी की वे अपने खेतों की नरवाई ना जलाएं अपितु नरवाई का बेहतर प्रबंधन करें।

### निमसाड़िया को ग्रीन ग्राम बनाने की अपील

नर्मदापुरम। गुरूवार को एसडीएम नीता कोरी द्वारा ग्राम निमसाडिया के ग्राम पंचायत भवन में ग्राम के प्रमुख किसानों के साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक के दौरान एसडीएम द्वारा किसानों को नरवाई का उचित प्रबंधन करनें के विभिन्न तरीकों के संबंध में जानकारी दी गई एवं उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया गया। एसडीएम ने किसानों से अपील भी की कि कोई भी किसान नरवाई में आग न लागाऐ। उन्होनें बताया कि जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित है एवं नरवाई जलानें पर जुर्माने सहित एफआईआर होने पर वैधानिक कार्रवाई हो सकती है।

## खुलासा : प्रताड़ना से तंग आकर अंकित ने की थी आत्महत्या, मामले के 3 आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में छेड़छाड़ के आरोपी अंकित गौर के सुसाइड केस में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि अंकित को एक युवती, उसकी बहन और जीजा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इसी से तंग आकर अंकित ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने मालाखेड़ी निवासी युवती, उसकी बहन और जीजा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मामले में तीनों आरोपी फरार हैं। बता दें 10 अक्टूबर को अंकित के खिलाफ महिला थाने में युवती ने छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था। अगले दिन 11 अक्टूबर को अंकित गौर युवती के घर के सामने जाकर हंगामा कर रहा था। युवती के परिजन ने उसे महिला थाने लेकर आए थे। बाद में युवक ने महिला थाने से चला गया। एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि जहाजपुरा निवासी अंकित गौर ने 12 अक्टूबर विवेकानंद घाट पर सुसाइड किया था। शाम को उसका शव मिला था। 13 अक्टूबर को पोस्टमॉर्टम के दौरान जिला अस्पताल में परिजनों ने हंगामा कर युवती, उसकी बहन और जीजा पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। इन्हीं आरोपों के आधार पर पुलिस ने जांच की। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में भी यह सामने आया कि युवक ने जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस ने बताया कि जिन धाराओं में केस दर्ज हुआ है, उनमें जमानत नहीं मिलती। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को केंद्रीय जेल भेजा जाएगा। 11 अक्टूबर को युवती के घर के सामने जाकर गाली गलौज करने पर परिजन ने अंकित गौर को पकड़कर महिला थाने लेकर आए थे। महिला थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया और न नोटिस दिया गया।

## नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की जनसुनवाई नागरिकों की समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो रहा है।

जिससे हर जनसुनवाई में आवेदकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यहां तक कि अब पार्षद भी अपने वार्डों की समस्याओं का समाधान कराने जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं। गुरूवार को नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें नगर से संबंधित छोटी बड़ी करीब 15 समस्याएं आई। जनसुनवाई के दौरान वार्ड पार्षद बिंदिया मांझी, पार्षद नरेंद्र पटेल द्वारा भी अपने वार्डों की समस्याएं बताकर समाधान करवाया। जनसुनवाई में उपयंत्री अंबक पाराशर, रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड 31 पार्षद नरेंद्र पटले ने जनसुनवाई में बताया कि हमारे वार्ड क्रमांक 31 नर्मदा कालोनी में पानी का प्रेशर कम आ रहा है जिससे कई घरों में पेयजल नहीं पहुंच रहा है। वहीं एसपीएम पुलिया के पास मटन मार्केट की गंदगी फैंकने से बदबू आती है जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। इस समस्या का समाधान किया जाए।



## नाटक व रैली के माध्यम से बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत जिला अस्पताल नर्मदापुरम में लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया और रैली निकाली गई। इसके माध्यम से तंबाकू और उसके उत्पादों तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और कोटपा अधिनियमों की भी जानकारी दी गई। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी/निकोटीन टैबलेट के उपयोग की जानकारी दी गई। जिला अस्पताल नर्मदापुरम के तंबाकू निवारण केंद्र में तंबाकू की आदत छोड़ने के लिए परामर्श दिया जा रहा है और निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी/निकोटीन टैबलेट दी जा रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नरसिंह गेहलोत सीएमएचओ के निर्देशन में और डॉ. सुनीता कामले सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गजेंद्र यादव आरएमओ डॉ. रजनी कुशवाह डेंटल सर्जन और जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला नर्मदापुरम, डॉ. अखिलेश सिंघल डेंटल सर्जन, डॉ. मिलन सोनी डेंटल सर्जन डॉ. दिव्या पटेल डेंटल सर्जन, डॉ. श्रद्धा बदानी डेंटल सर्जन, सुनील साहू जिला मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## नर्मदा कॉलेज में मनाया गया मानसिक स्वास्थ्य दिवस, दी गई अहम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।इसकी अध्यक्षता सम्मानीय प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने करते हुए कहा कि तनाव प्रबंधन, ध्यान,योग, ईश्वरीय उपासना और संतुलित जीवन शैली से मानसिक स्वास्थ्य और तनाव की स्थिति को खत्म किया जा सकता है।

उन्होंने जानकारी भी दी कि विद्यार्थियों के लिए कालेज में हार्ट फुलनेस संस्था द्वारा ध्यान के शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ सुनील जैन जिला अस्पताल नर्मदापुरम अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। काउंसलर निधि पटवा और हेमलता पटेल ने मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ रहें विषय पर आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कल्पना विश्वास ने कार्यक्रम का संचालन और आभार दिया। इस अवसर पर डॉ राजीव शर्मा डॉ श्रद्धा पटेल ,डॉ आमिर कुरेशी, जय सिंह ठाकुर, नित्या पटेरिया, सुमेर सिंह, धर्मेन्द्र कटारे, अंकित, कृष साहू, और अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## रेडक्रॉस ने शिक्षकों-छात्रों को दिया सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (CPR) जागरूकता अभियान सप्ताह का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर 2025 को पं. रामलाल शर्मा स्मृति स्कूल, नर्मदापुरम में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन श्री अरुण शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 60 प्रतिभागियों—शिक्षकों एवं छात्रों—ने भाग लिया।

कार्यक्रम में डॉ. राजेश माहेश्वरी, चिकित्सक, जिला अस्पताल नर्मदापुरम ने आकस्मिक दुर्घटना में घायल या बेहोश व्यक्ति की जान बचाने हेतु सीपीआर की सरल एवं प्रभावी तकनीक का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि आपातकालीन स्थिति में समय पर सीपीआर देकर किसी की भी जान बचाई जा सकती है।




### सरकारी स्कूलों में होंगे 'इस बार दिवाली, शेयरिंग वाली' आयोजन

## सोहागपुर बीआरसी ने स्कूलों में दी सूचना, जनप्रतिनिधि और आमजन हो सकते हैं बच्चों की खुशी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश सरकार विविध पर्वों पर शासकीय स्कूलों के बच्चों को संस्कृति से जोड़ने के नवाचार कर रही है। इसी क्रम में दीपावली पर 'इस बार दिवाली, शेयरिंग वाली' अभियान स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

आयोजन सरकारी स्कूलों में होगा। सोहागपुर बीआरसी राकेश रघुवंशी द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार सभी सरकार सरकारी स्कूलों में समस्त प्राचार्य, प्रधान पाठक व शिक्षक शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 की सभी पालियों में अपनी शालाओं में विद्यार्थियों के साथ मिलकर दीपावली पर्व मनाएंगे। बच्चों को इस दौरान इस पर्व का महत्व व विशेषताएं बताई जाएंगीं। तथा बच्चों से विषय पर लेख व निबंध लेखन आयोजन भी कराए जाएंगे।



फाइल फोटो

### भेजे आदेश

आयोजन बावत नर्मदापुरम जिला शिक्षा केंद्र परियोजना समन्वयक द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को पत्र क्रमांक 3680 सभी स्कूलों में भेजा गया है। जिसके अनुसार नवाचार 'एक दिवाली, शेयरिंग वाली' का क्रियान्वयन किया जाए। पत्रानुसार जिले के सभी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में 17 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से दीपपर्व मनाया जाए। जिसमें सहयोगी रूप में निजी स्कूलों के विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामुदायिक संस्था कार्यकर्ताओं को सम्मिलित किया जाए। पत्र अनुसार दीपावली भारत देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अंग है। यह पर्व आशा, उल्हास एवं ज्ञान की ओर ले जाने का प्रतीक है। पत्रांत में उल्लेख है कि बच्चों की सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान भी रखा जाए।

### हो सकते हैं शामिल

"आमजन, जनप्रतिनिधि, निजी स्कूल प्रबंधन भी सरकारी स्कूलों के बच्चों की खुशी में शामिल हो सकते हैं। बच्चों के लिये सामान्य व नुकसान रहित पटाखे व मिष्ठान ला सकते हैं।

**राकेश रघुवंशी, बीआरसी, सोहागपुर।**

## ग्राम पंचायत बाचावानी में खरीफ 2025 की कृषक संगोष्ठी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आत्मा परियोजना अंतर्गत विकासखंड बनखेड़ी की ग्राम पंचायत बाचावानी में खरीफ 2025 की कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कृषकों को नवीन तकनीक, प्राकृतिक खेती एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल, विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच संतोष पटेल, कृषि विज्ञान केंद्र गोविंद नगर से वैज्ञानिक डॉ. देवीदास पटेल, उन्नत कृषक मुन्ननालाल नागवंशी, तथा कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी अमीश बाथम, सवन यादव एवं सुश्री अर्पिता पांडे उपस्थित रहे। आत्मा परियोजना से विकासखंड तकनीकी प्रबंधक बलराम सिंह परिहार एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक ब्रजेश परमार शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया



**बैतूल।** कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक जीवनरक्षक तकनीक है जो कई आपात स्थितियों में उपयोगी है, जिसमें दिल का दौरा पडऩा या डूबने के करीब पहुंच जाना शामिल है, जिसमें किसी की सांस या दिल की धड?न रुक गई हो। किसी वयस्क पर सीपीआर करने का तरीका जानना किसी की जान बचा सकता है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में जिला संघटक डॉ गोपाल प्रसाद साहू ,कार्यक्रम अधिकारी प्रो शंकर सातनकर, प्रो संतोष पवार, प्रो विनोद नागले, डॉ.मोहन कि उपस्थिति में सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिसमे उपस्थित डॉ गोपाल प्रसाद साहू ने हमें (सीपीआर) के बारे मे बताया साथ ही उन्होंने हमें प्रेक्टिकल कर के समझाया कि किसी भी व्यक्ति को अगर सीपीआर की जरूरत पड़ी तो क्या करना चाहिए। और साथ ही कार्यक्रम अधिकारी प्रो शंकर सातनकर ने भी बताया कि अगर अपने परिवार में कोई भी व्यक्ति को सीपीआर कि जरूरत पड़े तो कैसे देना चाहिए। साथ ही डॉ मोहन ने भी सीपीआर के बारे में बहुत सारी जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक हिमांशु पाटिल, दलनायक आयुष नागोरे, इश्तियाक अली, रंजित, नितिन पवार, खुशी पारखे, खुशबू, भुवनेश्वरी, कविता, निशा, सोनू आदि रहे मौजूद।

### 52 जलाशय किए शामिल, चार हजार हेक्टेयर सिंचाई भूमि में होगी वृद्धि

# नहरों की होगी मरम्मत, विभाग ने तैयार प्रस्ताव शासन को भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जल संसाधन विभाग द्वारा जिले के 52 जलाशयों की नहरो के सुधार, मरम्मत और पक्कीकरण के लिए शासन से 38 करोड़ 53 लाख रुपए की राशि मांगी गई है। जिसके लिए विगत 15 दिन पूर्व जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें प्रशासकीय स्वीकृति की प्रत्याशा में अनुशंसा की गई है। इसके बाद प्रस्ताव शासन को स्वीकृति के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि इस योजना को स्वीकृति मिलने के बाद न केवल जलाशयों की स्थिति सुधरेगी बल्कि 4,151 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता बढ़ेगी। यह परियोजना बैतूल-मुलताई डिवीजन के लिए है, जिससे आने वाले वर्षों में जिले के हजारों किसान लाभान्वित होंगे। दरअसल कई जलाशयों की नहरे जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। इस वजह से बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाता है। पहले जल संसाधन विभाग को नहरों की मरम्मत के लिए बहुत सीमित बजट मिलता था, जो केवल सफाई कार्य तक ही सीमित था। इस वजह से रबी सीजन में जब पानी छोड़ा जाता था, तो क्षतिग्रस्त नहरों से काफी पानी बर्बाद हो जाता था। इसे दृष्टिगत रखते हुए जल संसाधन विभाग ने विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर शासन को भेजा। यदि विभाग को फंड मिलता है तो अगले वर्ष से किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

#### टेल एरिया तक पहुंचेगा पानी

लगभग 38 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत होने के बाद उम्मीद है कि इन नहरो के मजबूत होने से टेल एरिया तक के किसान भी सिंचाई जल से लाभान्वित होंगे। पानी आसानी से टेल एरिया तक पहुंच पायेगा। जिससे किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा और किसान फसलों की अच्छी से सिंचाई कर बेहतर उत्पादन ले सकेगे। विभाग का कहना है कि अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने एसडीओ और इंजीनियरों की टीमों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस योजना से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि जल उपयोग दक्षता भी बढ़ेगी। नहरो के सुदृढ़ीकरण से पानी की बर्बादी में कमी आएगी और जिले की कृषि भूमि को नई सिंचाई ऊर्जा प्राप्त होगी।

#### जिले की सिंचाई क्षमता में होगा विस्तार

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य पूरे होने के बाद जिले की सिंचाई क्षमता में बड़ा विस्तार होगा। आगामी रबी सीजन 2025 के लिए बैतूल-मुलताई डिविजन में 1 लाख हेक्टेयर सिंचाई लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें 74,115 हेक्टेयर क्षेत्र नहरों से और 25,885 हेक्टेयर क्षेत्र माइक्रो इरीगेशन प्रणाली से सिंचित किया जाएगा। वर्धा जलाशय से 5,700 हेक्टेयर और पारसडोह जलाशय से 19,785 हेक्टेयर में माइक्रो इरीगेशन प्रणाली के माध्यम से सिंचाई की जाएगी। वहीं, घोघरी जलाशय से पहली बार 7,000 हेक्टेयर में सिंचाई का परीक्षण किया जाएगा।

#### जिले की 52 जलाशयों को योजना में किया शामिल

आरआरआर (ट्रिपल आरआरआर रिपेयर, रेनोवेशन एंड रिस्टोरेशन) मद के अंतर्गत जिले के 52 जलाशयों को इस योजना में शामिल किया गया है। इनमें बैतूल ब्लॉक के उड़दन जलाशय, गौंडीगौला, जगधर, झाड़ेगांव, झगडिय़ा, घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के गोंडीढाना, मालसिवनी, माथनी, बादलपुर, पाढर, गोलई, झारकुंड, भैंसदेही ब्लॉक के सिवनपाट, पिपरिया, मारू, कोलगांव, बोरगांव, मच्छी, खामला, गुनघाटी, धनगांव, ठेमगांव, गुदगांव, सिरजगांव, भीमपुर ब्लॉक के भीमपुर, धनोरा, कुंड, चिखली, लक्कड़ जाम, शाहपुर ब्लॉक के दुल्हारगढ़, पावरझंडा, सालीमेट, चिलमटेकरी, पहावाड़ी, मोतीढाना, हाथीकुंड, बरेठा, बुडडी, पाठई, निशाना, चिचोली ब्लॉक के पाठाखेड़ा, जोगली, देवपुर, आठनेर ब्लॉक के मांडवी, गुजरमाल, राबडिया, खैरवाड़ा, मुलताई ब्लॉक के डहुआ, दुनावा, परसठानी, सेंद्रया और पिपरिया शामिल है।

#### अतिरिक्त सिंचाई होगी

*जिला मूल्यांकन एवं सतर्कता समिति की बैठक में इन 52 योजनाओं के लिए तकनीकी स्वीकृति का प्रकरण बनाकर प्रशासकीय स्वीकृति की प्रत्याशा में अनुशंसा की गई है। जिसे राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जा रहा है। वंहा से स्वीकृत होने के बाद केन्द्रीय मद से लगभग 38 करोड़ का फंड आयेगा। इसमें 12 परियोजना मुलताई डिवीजन और 40 परियोजना बैतूल डिवीजन की शामिल की गई है। नहरों की मरम्मत होने से 4 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई हो सकेगी।*

*- रोशन कुमार सिंह, ईई जल संसाधन विभाग बैतूल*

### पवित्र नगरी में लक्ष्मी स्थापना प्रारंभ

## क्षेत्र में 100 से भी अधिक स्थानों पर विराजेंगी मां लक्ष्मी



**मुलताई।** क्षेत्र में इस वर्ष बड़ी संख्या में लक्ष्मी मंडलो द्वारा मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। पूर्व में जहां क्षेत्र में एक्का दुक्का स्थान पर ही लक्ष्मी प्रतिमा स्थापित की जाती थी, वहीं इस वर्ष लक्ष्मी मंडलों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस वर्ष क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा की भांति ही बड़ी संख्या में मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं बैठाई जा रही है। ताप्ती तट पर संपूर्ण जिले के प्रसिद्ध मूर्तिकार शिवदयाल प्रजापति बताते हैं कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लक्ष्मी प्रतिमाओं के अधिक आर्डर मिले हैं, हम चार परिवार मिलकर यहां प्रतिमाओं का निर्माण करते हैं इस वर्ष हमारे संपूर्ण परिवारो द्वारा 50 से अधिक लक्ष्मी प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। शिवदयाल प्रजापति बताते हैं कि प्रतिमा निर्माण में लगने वाली सामग्री का मूल्य निरंतर बढ़ रहा है जिसके चलते प्रतिमाएं महंगी हो रही है। निर्माण लागत बढऩे से हमारी आय भी घट रही है। मुलताई नगर में लगभग एक दर्जन से अधिक प्राचीन लक्ष्मी मंडल है जी में थाना रोड यादव प्रेस गली लक्ष्मी मंडल एवं महावीर वार्ड में सेलकरी गली मे स्थित प्राचीन लक्ष्मी मंडल स्थित है।

#### लक्ष्मी पूजन से होती है धन-धान्य, सुख-समृद्धि की प्राप्ति

विद्वान पंडित गणेश त्रिवेदी बताते हैं कि मां लक्ष्मी की प्रतिमा की स्थापना अहोई अष्टमी से हो जाती है और धनतेरस पर इन प्रतिमाओं का विसर्जन हो जाता है। गणेश त्रिवेदी बताते हैं कि पुराणों में इस संपूर्ण सप्ताह में मां लक्ष्मी के पूजन का अत्यंत महत्व बताया गया है। इस पूरे सप्ताह मां लक्ष्मी की निष्ठा एवं समर्पण से पूजन पाठ करने से समस्त पापों का निवारण होता है। धन-धान्य की प्राप्ति होती है। घर में सुख समृद्धि आती है। सर्वत्र विजय प्राप्त होती है भय दूर होता है मनुष्य बंधन से मुक्त होता है।

### वार्ड 12 के रहवासी मूलभूत सुविधाओं से दूर




**शाहपुर।** ग्राम पंचायत शाहपुर से नगर परिषद बनने को लगभग ढाई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे आमढाना मोहल्ला के हालात नहीं बदले। यहां न तो नल जल योजना है और ना ही वहां पर साफ सफाई होती है। सडक़ की स्थिति भी बेहद खराब है। नालियों का तो नामोनिशान नहीं है। जहां नालिया है। वहां सफाई तो बरसों से नहीं हुई। आमढाना मोहल्ला में अधिकांश आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं। वे सभी शासन की इन मूलभूत सुविधाओं से दूर है। पार्षद भी इस ओर ध्यान नहीं देती है। यहां पर पानी की व्यवस्था के लिए एक कुआं है। जिसकी सफाई तो महीनो से नहीं हुई। कुंए में पेड़ों का कचरा उग गया है। स्ट्रीट लाइट रात में तो जलती ही नहीं। यहां पर कोई लाइट बंद या चालू करने नहीं आता है। प्रशासन का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है।

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने खरीदे दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पाद

### स्पर्श मेले में दिव्यांग बच्चों के हुनर की हुई सराहना



**बैतूल।** दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्पर्श मेला आयोजित किया गया। इस मेले में शासकीय अस्थिबाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मीमांसा केयर फाउंडेशन, ग्राम भारती महिला मंडल, नवल सेवी समिति, जयनारायण सर्वोदय विद्यालय घरौंदा सहित कई संस्थाओं के दिव्यांग बच्चों ने सहभागिता की। केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके और विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मेले में लगाई गई स्टालों पर जाकर दिव्यांग बच्चों से आत्मीय चर्चा की और उनके हाथों से बने उत्पादों की खरीदी भी की। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के ये आकर्षक उत्पाद उनके हुनर, बुद्धिमत्ता और आत्मबल का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अपनी कमी को ताकत बनाकर ये बच्चे हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्री खंडेलवाल ने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए 500-500 रुपए देकर उनके उत्पादों के विक्रय मूल्य से ज्यादा में खरीदारी की। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि इस दीपोत्सव पर स्वदेशी और दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित करें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में आत्मविश्वास से आगे बढ़ें।

#### इच्छाशक्ति और आत्मबल से कोई कमी बाधा नहीं बनती: केंद्रीय राज्यमंत्री

*केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि जब इच्छाशक्ति और आत्मबल प्रखर हो तो कोई भी शारीरिक कमी सफलता में बाधा नहीं बनती। उन्होंने कहा कि स्पर्श मेले में शामिल दिव्यांग बच्चों ने यह साबित किया है कि अगर मन में संकल्प हो तो हर कअविकसित राष्ट्र के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे आयोजन दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री रोशनी वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैतूल, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डीपीसी शिक्षा, श्रम विभाग, अधीक्षक श्रीमती सीमा भदौरिया सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदी की। सभी ने बच्चों की रचनात्मकता और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय मंत्री श्री उईके और विधायक श्री खंडेलवाल ने दिव्यांग बच्चों के साथ समूह चित्र खिंचवाया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और आत्मविश्वास का अद्भुत माहौल देखने को मिला।*




## केपी अग्निहोत्री बने जन परिषद की इंटर स्टेट कमेटी के सचिव

**भौंरा।** वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी कैलाश प्रसाद (केपी) अग्निहोत्री को अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद की डिस्ट्रिक्ट/इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी का सचिव मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने महासचिव ओपी गुप्ता और अजय श्रीवास्तव नीलू की अनुशंसा पर की है। जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था पिछले 36 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय है। संस्था अब तक पर्यावरण पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी और कई ऐतिहासिक संदर्भ ग्रंथों का प्रकाशन भी कर चुकी है। वर्तमान में इसके देशभर में 275 से अधिक एवं विदेशों में 7 चैप्टर सक्रिय हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो समाज में रचनात्मक बदलाव और सुधार की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केपी अग्निहोत्री ने कहा कि जन परिषद ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं संस्था का आभारी हूं। समाज की भलाई और रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाना ही मेरा संकल्प है। मैं जन परिषद के उद्देश्यों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करूंगा। श्री अग्निहोत्री की नियुक्ति पर जन परिषद बैतूल चैप्टर, मुलताई चैप्टर, बैतूलबाजार चैप्टर और भौंरा चैप्टर के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते जन परिषद अध्यक्ष एनके त्रिपाठी और संयोजक रामजी श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने भी श्री अग्निहोत्री को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी नियुक्ति से संस्था की गतिविधियों को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान संपन्न

## मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है देश: हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




नगर के बैतूल रोड स्थित अरिहंत लॉन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व के समय में अधिकांश वस्तुएं भारत से विदेश में भेजी जाती थी, लेकिन मुगलो एवं अंग्रेजों के भारत में आने के बाद देश में व्यापार एवं आर्थिक उन्नति का पतन होने लगा। महात्मा गांधी द्वारा चरखे के माध्यम से देश में स्वदेशी का आह्वान किया गया।

खंडेलवाल ने स्वदेशी सामान की खरीदी को बढ़ावा देने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेश में बना सामान खरीदने से देश के लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि आपकी एक सोच आपकी आने वाली पीढ़ी को आगे ले जाने का कार्य करेगी। आगामी आने वाले दिनों में दीपावली पर स्वदेशी चीज खरीदी को बढ़ावा देने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का सपने को गति मिलेंगी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अभी जारी है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर की दिशा में अग्रसर हो रहा है द्य विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है।

2014 के बाद से देश से बहुत सी वस्तुएं विदेश में निर्यात की जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार द्वारा विधानसभा सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का संकल्प दिलाया गया। नपा अध्यक्ष वर्षा गढे कर द्वारा कार्यक्रम के समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया गया। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विधानसभा सम्मेलन में जिला प्रभारी सूजीत जैन, नपा अध्यक्ष-आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विधानसभा सह प्रभारी वर्षा गडेकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कड़वे, जनपद पंचायत प्रभात पटना अध्यक्ष सोनाली विनोद इरपाचे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू,दुनावा मंडल अध्यक्ष अमित पवार, प्रभात पट्टन मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, मासोद मंडल अध्यक्ष विजय घोडकी, साई खेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश हिंगवे, गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी यादवराव निंबालकर, हरिशंकर पठाडे आदि रहे मौजूद।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारी में जुटा प्रशासन




**मुलताई।** मुलताई एवं पट्टन ब्लाक में होने वाले सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारी को लेकर अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक जनपद कार्यालय मुलताई सभा कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें महोत्सव क्लस्टर प्रभारी और क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाली संस्थाओ के अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में महोत्सव अंतर्गत होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की व्यवस्था से संबंधित आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक सुझावें अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के निर्देशन में पदेन सहायक संचालक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिये गये। क्लस्टर प्रभारी और क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाली संस्थाओ के कर्मचारी और अधिकारीयों को प्रतियोगिता के पूर्व, मैदान व्यवस्था,खेल सामग्री, टेंट व्यवस्था , स्वल्पाहार, फूलमाला, चूना ररसी, स्टेशनरी,पेय जल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाली संस्थाओ के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की सूची प्राप्त करना आदि बातों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मुलताई और पट्टन बीईओ और बी,आर सी ,खेल युवा कल्याण विभाग के मुलताई और पट्टन के समन्वयक, मुलताई विकास खण्ड के खेल प्रभारी आदि उपस्थित थे।

### वन नेशन वन इलेक्शन के राष्ट्रीय एजेंडे पर परिषद की सहमति

# वेतन नहीं मिला तो हड़ताल पर जा सकते हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला




गुरुवार को नपा परिषद की बैठक के दौरान अंदर बैठक हाल में परिषद की बैठक चल रही थी और बैठक हाल के बाहर नपा के दर्जनों कर्मचारी वेतन के लिए चिल्ला रहे थे, हंगामा कर रहे थे और इसी दौरान इस बेहदकश्मकश के हालातों में परिषद अंदर रसमलाई का स्वाद लेने में मशगूल थी।

बहरहाल जो भी हो, किंतु परिषद की बैठक के दौरान नपा के कर्मचारी, जिसमें ज्यादातर सफाई कर्मचारी शामिल है, वेतन के लिए हंगामा करते रहे। जैसा कि इन कर्मचारियों ने बताया है कि उन्हें बीते तीन महीनों से वेतन नहीं दिया गया है, दो-तीन दिन बाद दिवाली जैसा बड़ा त्यौहार है और कर्मचारियों के वेतन का ठिकाना नहीं है, ऐसे में कर्मचारियों को घर चलाने में मुश्किलें हो रही है, ऐसे में कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह से अब काम करना भी मुश्किल हो रहा है। इस दौरान कर्मचारियों ने नपा अधिकारी को शुक्रवार तक वेतन देने का अल्टीमेटम भी दे दिया है, शुक्रवार तक वेतन नहीं दिए जाने पर कर्मचारी यूनियन ने हड़ताल पर जाने की धमकी दी हैं। हालांकि इस मौके पर नपा अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने ये जरूर कहा है कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि सरकार से नहीं मिलने के चलते कर्मचारियों के वेतन में दिक्कत हो रही है, किंतु कल तक कर्मचारियों को 2 महीने का वेतन दे दिया जाएगा। वहीं गुरुवार की शाम शासन के आदेश के बाद नए सीएमओ जी.आर.देशमुख ने यहां कार्यभार संभाल लिया है, बीते लगभग एक सप्ताह के भीतर ही यहां तीन बार सीएमओ बदले जा चुके है, आमला नगर पालिका के इतिहास में संभवतः यह पहला मौका है, जब यहां एक सप्ताह के भीतरी तीन बार सीएमओ बदले जा चुके है।

#### नपा परिषद में आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया से बिगड़े हालात

आमला नपा में बीते कुछ समय से लगातार बिगड़ते वित्तीय हालात और खस्ता होती नपा की हालत की जिम्मेदार भी परिषद की ही हैं, जिन्होंने कभी नपा की आय बढ़ाने के इंतजाम पर काम ही नहीं किया और मनमाने ढंग से गैर जरूरी कामों पर ही ध्यान देते रहे, जिससे नपा की माली हालत लगातार बिगड़ते गई और अब आलम ये है कि कर्मचारियों के वेतन तक के भी लाले पड़ गए हैं।

#### परिषद की बैठक में पार्षदों ने कहा एक देश एक चुनाव सही है

इधर गुरुवार को नपा परिषद की एक बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन के राष्ट्रीय मुद्दे को स्थानीय परिषद की बैठक में समर्थन मिला है। हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर यह भाजपा सरकार का एजेंडा है और आमला में कांग्रेस की परिषद है, उसके बाद भी वन नेशन वन इलेक्शन के राष्ट्रीय एजेंडे को यहां सभी पार्षदो ने सर्वसम्मति से पास कर दिया है। यहां परिषद की बैठक में शहर में एलईडी लाइट लगाने और उसकी खरीदी पर भी सहमति जताई है, अब ये बात और है कि परिषद की माली हालत बुरी तरह खराब है, किंतु फिर भी खरीदी जैसे निर्णय परिषद लगातार ले रही है, नपा परिषद की बैठक के दौरान नगर पालिका अधिकारी इंजीनियर नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल में पोषण माह कार्यक्रम का किया समापन

**बैतूल।** कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल में गुरुवार को खाद्य दिवस एवं पोषण माह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुधाकर पवार, सुरेश गायकवाड़, श्रीमती संगीता पवार उपस्थित थी। इस दौरान श्री सुधाकर पवार द्वारा मोटे अनाज से निर्मित विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके अलावा उन्होंने प्राकृतिक कृषि एवं पोषक अनाजों को अपने के लिए प्रेरित किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ एसके तिवारी ने पोषण को बढ़ाने के लिए बायोफोर्टीफाइड फसलों के बारे में जानकारी प्रदान की।

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Kumari **SUNITA** is legal unmarried daughter of No. 6284597, Ex HAV (LATE) HAWA SINGH residing at Vill/City RZ-24, Old Roshanpura, Extn. "C" Block, Near Krishna Model School, New Delhi-110043 have change my self name & date of birth from **SUNITA, DOB-07.11.1973 to SUNITA KUMARI, DOB-17.11.1973** (Seventeen November Nineteen Seventy Three) vide Affidavit dated 16/10/25 before Notary Betul, Distt-Betul (MP).

## मध्य प्रदेश की फाइव स्टार लाइफ स्टाइल सिर्फ इटारसी की एलकेजी कॉलोनी में संभव

# एलकेजी में घर बनाएं और परिवार के प्रति सभी चिंताओं और सुविधाओं से मुक्त हो जाएं, निवेश के रूप में भी एक बेहतर विकल्प की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हर परिवार का सपना होता है- एक ऐसी जगह जहां जीवन मेट्रो सिटी जैसा हो, सुरक्षा हो, और हर सुविधा बस एक कदम दूर हो। एलकेजी इन्फ्रॉ ने इस सपने को इटारसी की ज़मीन पर सच कर दिखाया है। इस कालोनी की विशेषता है कि 'फ़ाइव स्टार रिसॉर्ट, क्लब हाउस, अंतरराष्ट्रीय मानकों के बैडमिंटन कोर्ट, पिकलबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट और बास्केटबॉल कोर्ट त्याधुनिक जिम, ओपन जिम और ऊर्जा से भरपूर जुम्बा सत्र आदि शामिल है जो कालोनी को आकर्षक बनाती हैं।



### डायरेक्टर का दावा निवेश नहीं, भविष्य की गारंटी है

एलकेजी के डायरेक्टर, निपुण गोठी कहना है कि ₹द ग्रेन्ड एवेन्यू केवल ईंट और पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि यह एक 'संपूर्ण और सुरक्षित जीवनशैली' का वादा है। संभाग में हमारे जैसी उच्च-स्तरीय सुविधाएँ किसी और प्रोजेक्ट में उपलब्ध नहीं हैं।₹ यही वजह है कि यह कॉलोनी आज निवास के साथ-साथ निवेश के दृष्टिकोण से भी क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ पसंद बन चुकी है।

### 'द ग्रेन्ड एवेन्यू'

- जो अब इटारसी का नया गौरव बन चुका है। यह केवल एक कॉलोनी नहीं, बल्कि एक लाइफस्टाइल क्रांति है, जो अपने 4,700 से अधिक निवासियों को 'फ़ाइव स्टार रिसॉर्ट' जैसी लक्ज़री और अत्याधुनिक सुविधाएं एक ही गेटेड परिसर में प्रदान करती है।

### 'खरीदें लाईफ स्टाईल'

- 'द ग्रेन्ड एवेन्यू' को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यहां के निवासियों को आधुनिक सुख-सुविधाओं के लिए परिसर से बाहर झांकने की भी ज़रूरत नहीं है। इसकी अतुलनीय सुविधाए नर्मदापुरम संभाग ही नहीं बल्कि मप्र के कई अन्य प्रोजेक्ट्स को पीछे छोड़ देती हैं।

### 'कॉलोनी का आकर्षण'

- 'अंतरराष्ट्रीय मानकों के बैडमिंटन कोर्ट, पिकलबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट और बास्केटबॉल कोर्ट, फिटनेस फर्स्टः अत्याधुनिक जिम, ओपन जिम और ऊर्जा से भरपूर जुम्बा सत्र, साथ ही एक शांत जॉगिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं कालोनी को विशेष बनाती हैं।

### 'सोशल इवेंट पर फोकस'

- 'सामाजिक समारोहों के लिए: एक शानदार वैंकेट हॉल और उच्च गुणवत्ता वाला पारिवारिक रेस्टॉरेंट की भी सुविधा उपलब्ध होगी जिससे कि लोगों को बेहतर अनुभव मिल सके। साथ ही कालोनी का स्वच्छ वातावरण रहवासियों के लिए एक बेहतर माहौल बनाता है।

### प्रदूषण मुक्त परिसरः

पूरी तरह से अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिफिकेशन अंडरग्राउंड बिजली व्यवस्था – जो कॉलोनी को एक बेदाग़, साफ़ और सुंदर रूप प्रदान करती है। साथ ही परिसर के भीतर ही हिन्दू और जैन मंदिर की सुविधा। बच्चों के लिए ख़ासः हरियाली से भरपूर सुरक्षित किड्स ज़ोन और मॉडर्न इंडोर गेम्स की सुविधा।

### प्लॉट बुकिंग का अंतिम सुनहरा अवसर

डायरेक्टर निपुण गोठी ने निवेशकों और घर खरीदारों को 'अंतिम चेतावनी' देते हुए आगाह किया है। ₹यह त्योहारी सीज़न की विशेष स्कीम्स का लाभ उठाने का अंतिम मौका है। दीवाली के ठीक बाद, प्रोजेक्ट के नए और बढ़े हुए रेट्स लागू हो सकते हैं!₹ यदि आप इस फाइव स्टार जैसी लक्ज़री सुविधाओं के बीच अपने सपनों का आशियाना बनाना चाहते हैं, या अपने निवेश को कई गुना बढ़ाना चाहते हैं, तो बिना देर किए आज ही एलकेजी इन्फ्रॉ के ऑफिस आएं और अपना प्लॉट बुक कराएं। यह आपके जीवन और आपके परिवार के भविष्य के लिए लिया गया 'सबसे बेहतरीन' फैसला होगा। जल्दी करें!

## भावांतर योजना में पंजीयन कराने की किसानों से की अपील



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में भावांतर योजना में सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। भावांतर योजना के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की है, कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र, एमपी ऑनलाइन तथा एमपी किसान एप के माध्यम से भावांतर योजना में अपना पंजीयन कराएं। ताकि सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिल सके। पंजीयन के लिए पंजीयन केंद्र जाते समय किसान अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र साथ लेकर जाएं। इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी तथा सिकमीदार किसान अपना आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर, वन पट्टा तथा सिकमी अनुबंध की प्रति साथ लेकर जाएं।

### नाराज़ पटाखा व्यापारियों से मिली थी सूचना- कई व्यापारी बेच रहे दुकानों व घर से पटाखे

# दुकानों के साथ घरों से नहीं होगी पटाखा बिक्री, एसडीएम ने बनाया निगरानी दल

दीपावली पर पटाखा विक्रय के लिए सोहागपुर में लगभग 80 विक्रेताओं के अस्थाई लाइसेंस बनाए हैं। जो उपमंडी में दुकान लगाकर 18 अक्टूबर से पटाखे बेचेंगे। प्रशासन को सूचना मिली कि कुछ व्यापारी दुकान व घर से अवैध रूप से पटाखे बेचते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





दीपावली पर पटाखा विक्रय के लिए सोहागपुर में लगभग 80 विक्रेताओं के अस्थाई लाइसेंस बनाए हैं। जो उपमंडी में दुकान लगाकर 18 अक्टूबर से पटाखे बेचेंगे। लेकिन गुरुवार सुबह प्रशासन को सूचना मिली कि कुछ व्यापारी दुकान व घर से अवैध रूप से पटाखे बेचते हैं। सूचना पर एसडीएम व नप सीएमओ ने निगरानी दल बनाए हैं।

दल देखेगा कि कोई विक्रेता अवैध रूप से घर एवं बाजार स्थित दुकान से पटाखा विक्रय ना करे एवं पटाखा विक्रय कार्य 18 अक्टूबर से ही उपमंडी परिसर में प्रारंभ हो। सूत्रों के अनुसार कुछ लाइसेंसधारी व्यापारी पिछले कुछ दिनों से घर तथा दुकान से अवैध रूप से हजारों रुपए के पटाखे बेच चुके हैं। जिसे पर उन विक्रेताओं में रोष है जो नियम अनुसार उपमंडी परिसर में 18 अक्टूबर से पटाखे बेचेंगे। बताया जाता है कि नाराज पटाखा व्यापारियों की आपसी चर्चा की सूचना एसडीएम कार्यालय एवं नप कार्यालय पहुंची। जिसके बाद एसडीएम प्रियंका भल्लावी तथा नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने पृथक-पृथक निगरानी दल बनाए हैं, जो एक साथ अवैध पटाखा विक्रय की जांच करेंगे

### तहसीलदार दल के मुखिया

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने गुरुवार दोपहर आदेश क्रमांक 1016 जारीकर निगरानी दल गठित किया है। तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े के नेतृत्व में दल देखेगा कि पटाखों का अवैध विक्रय तथा भंडारण ना हो। दल में आरआई एफ मानकर, पटवारी नागेश निवारिया, आरक्षक रामकृष्ण राठौर, मनोहर दायमा, जोशुआ मसीह, भृत्य रामकुमार व कोटवार ख्यालीराम एवं राजाराम शामिल हैं। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने भी तत्काल आदेश क्रमांक 2246 जारीकर निगरानी दल गठित किया। दल में एआरआई संजय परसाई तथा नपकर्मी सुरेश चौहान, हरगोविंद व्यास, अनिल रघुवंशी, राजेश रघुवंशी व प्रवेश ठाकुर शामिल हैं।

### की जांच, दी चेतावनी

हरिभूमि ने गुरुवार शाम लगभग छह बजे नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई से सवाल किये। सवालों से असहज प्रतीत होते परसाई ने कहा कि निगरानी दल ने पटाखा विक्रेताओं की दुकानों की जांच की है। इसके अलावा कई पटाखा विक्रेताओं के घरों में भी संपर्क किया। परसाई के अनुसार कुछ दुकानों पर चकरी सहित टिकली, फुलझड़ी विक्रय किये जा रहे थे। दुकानदारों को प्रथम त्रुटि पर कड़ी चेतावनी दी गई है कि अब यदि आतिशबाजी संबंधी सामग्री बेची तो कार्यवाही की जाएगी। यह जांच शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

## अवैध रेत से शासकीय भवन का निर्माण धड़ल्ले से जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

सेमरी हरचंद खनिज विभाग के के प्रतिबंध होने के बावजूद क्षेत्र में खनिज माफिया सक्रिय है और ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से रेत और बजरा-मुरुम का अवैध परिवहन जोरों पर चल रहा है ।

अवैध रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर चालकों से जब रॉयल्टी के विषय में पूछा जाता है बेखौफ होकर बगैर रॉयल्टी की रेत परिवहन करना स्वीकार करते हैं और क्षेत्र के प्रभावशाली राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त होना बताते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी के पास निर्माणाधीन रेलवे कर्मचारियों के आवासभी इसी अवैध रेत से निर्मित हो रहे हैं। अब देखना यह है कि खनिज विभाग द्वारा इन रेत माफिया पर नकल काशी जाती है या यूं ही प्रतिबंध के बावजूद रेत और खनिज का अवैध खनन एवं परिवहन जारी रहेगा।

### 65 लाख रुपए की अस्पताल की बिल्डिंग में हो रहा गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र में ठेकेदारके द्वारा ग्राम पंचायत पिसुआमे उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मुख्य ठेकेदार भोपाल को काम दिया गया है। लेकिन पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की हथवासके एक ठेकेदार ने पेंटी पर काम करने कोलेकर काम लिया गया है। ग्राम पंचायत के निवासी लक्ष्मण मेहरा ने बताया कि लगभग 65लाख रुपए की विल्डिंग है। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन अभी तक ठेकेदार ने जो काम किया है।वह भी घटिया किस्म का है। लेकिन दिनांक 15/10/25को लेंटर का काम किया गया था लेकिन ठेकेदार ने गिट्टी की जगह बजराका उपयोग किया गया था। तथा देनवा नदी से बैलगाड़ी से रेत बुलवाया गया जो अवैध खनन माफिया से खरीदा है। यहां पर रेत है नहीं तो फिर इस तरह सरकारी भवन में ऐसा कार्य चल रहा है।इसकी जानकारी सचिव अमीर सिंह सरपंच को लगी तो आपत्ति प्रस्तुत कर काम रोक दिया गया। फिर ठेकेदार ने आनन-फानन में गिट्टी खरीदी गई फिर कार्य पूरा हो गया।

## रख-रखाव के आभाव में दूषित हो रहा पंचायत का स्च्छता परिसर, जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत राई खेड़ी में पंचायत राज अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है। मध्य प्रदेश सरकार ने लगभग प्रति ग्रामचायत में स्वच्छता परिसर बनाने के लिए लाखों रूपए दिए गए थे। लेकिन अकसर पंचायत में पदस्थ सरपंच सचिव रोजगार सहायक के द्वारा लगातार किसी भी सरकारी संपत्ति की देख देख नहीं की जा रही है। जबकि सरकारके द्वारा स्वच्छता अभियान के नाम पर भी प्रतिवर्ष लाखों रूपए सफाई व्यवस्था को लेकर जारी किए गए हैं। पंचायत समिति सदस्य के द्वारा लगातार सफाई व्यवस्था के नाम पर 1से लेकर 3लाख रुपए खर्च करने बाले विल लगाए जा रहेंहैंतथा राशि का आहरण कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। पिपरिया जनपद पंचायत कार्यालय से मात्र 2किलोमीटर की दुरी पर राई खेड़ी पंचायत में पदस्थ रहने से लेकर आज तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया ने निरीक्षण नहीं किया गया है। जिसमें लगभग 5लाख के आसपास शासन की राशि खर्च किए गए हैं। लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि संगठनके पदाधिकारीके द्वारा के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई है। डोकरी खेड़ा डेम के पास भी समनापुर पंचायत स्वच्छता परिसर झाड़ियां में छिपाहुआ है। इसी तरह से राय खेड़ी में भी स्वच्छता परिसरझाड़ियां मे छिपा है। जिसके ऊपर बेल चढ़ी हुई है। तथा सामने कचरे का ढेर लगा हुआ है। बाजू में ही सरकारी स्कूलोंमें पढ़ने वाले बच्चों को भी जाना पड़ता है। लेकिन अभी तक किसी भी सरकारी संपत्ति का इस्तेमाल नहीं किया गया है। आसपास के लोगों ने बताया जब ताला लगा रहता है तो कौन उपयोग कर सकते हैं। सचिव नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि उन्हें अभी तबादला कर दिया गया है।

### आज होगी विशाल इनामी भजन स्पर्धा

**सेमरी हरचंद।** -धनतेरस के उपलक्ष में इनामी भजन प्रतियोगिता का आयोजन 17 अक्टूबर से 51000 प्रथम पुरस्कार सेमरी हरचंद नगर के साप्ताहिक बाजार में शुक्रवार 17अक्टूबर से धनतेरस एवं दीपावली के उपलक्ष में विशाल इनामी भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धनतेरस के उपलक्ष में इनामी भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है यह परंपरा लगभग 30 वर्ष पुरानी है जिसमें प्रथम पुरस्कार 51000 हजार द्वितीय 31000 तृतीय 21000 चतुर्थ11000 पंचम 9000 छठवीं 7000 सातवीं भी 6000 एवं शांतवना पुरस्कार के रूप में 5100 5100 की राशि भजन मंडलों को प्रदान की जाएगी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप मे सांसद दर्शन सिंह चौधरी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीता शरण शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल पुष्पराज पटेल राजेश चौधरी श्रीमती बंदकुंवर मनोहर पटेल आदि होंगे।

## जिला संगठन प्रभारी ओम पटेल के प्रथम नगर आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा




कांग्रेस के जमीनी संगठन को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी श्री ओम पटेल के प्रथम नगर आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं, जयकारों और नारों के बीच उनका जोशीला स्वागत किया। पूरा माहौल "कांग्रेस ज़िंदाबाद", "जय कांग्रेस" और "भारत माता की जय" के नारों से गूंज उठा। वहीं नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी श्री ओम पटेल जी ने भावुक होकर कहा "मुझे मिली यह जिम्मेदारी कोई पद नहीं, बल्कि कांग्रेस परिवार का विश्वास है — एक ऐसा विश्वास, जिसे मैं अपनी पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाऊंगा। मैं हर उस कार्यकर्ता के साथ खड़ा हूं जो जनता की सेवा और संगठन की मजबूती के लिए संघर्ष कर रहा है। कांग्रेस विचारधारा भारत की आत्मा है, और इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सबका धर्म है।" ओम पटेल ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस संगठन को हर स्तर पर सक्रिय किया जाएगा युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और आम नागरिकों की आवाज़ को मजबूती से उठाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री शिवाकांत पांडे जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि"कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ और संघर्ष का प्रतीक है। आज जब देश और प्रदेश की जनता कठिनाइयों से जूझ रही है, तब हमारा दायित्व है कि संगठन को गांव-गांव, वार्ड-वार्ड तक मजबूत करें। कांग्रेस कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं, और इन्हीं के बल पर हम जनता के अधिकारों की लड़ाई को और सशक्त करेंगे।"

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने कहा कि ओम पटेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई गति मिलेगी। सभी ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती, सेवा और जनसंपर्क के विस्तार का संकल्प लिया है उन्होंने कहा कि सेवा, संगठन और समर्पण ही कांग्रेस की पहचान है, और सिवनी मालवा ने आज इसे फिर से जीवंत कर दिया। इस स्वागत समारोह में नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षदगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। माहौल उत्साह, एकता और समर्पण की भावना से ओतप्रोत रहा।

## ग्राम पथरई में नौनिहालों को पिलाई 'दो बूंद जिंदगी की'



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पोलियो उन्मूलन अभियान क्षेत्र में रविवार को शुरू हुआ। जिसमें पोलियो बूथों पर पांच वर्ष आयु के बच्चों को दवा पिलाई गई थी। वहीं सोमवार, मंगलवार तथा बुधवार को स्वास्थ्य विभाग मोबाइल टीम ने क्षेत्र में भ्रमणकर बच्चों को दवा पिलाई है। इसी क्रम में अभियान के अंतिम दिवस बुधवार को सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोबाइल टीमों ने विस्थापित ग्रामों में भ्रमण किया।

सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि जपं की ग्रापं पथरई के ग्राम सुपलई में टीम पहुंची। जहां नर्मदापुरम् के जिला टीकाकरण अधिकारी नर्मदापुरम डॉ. संदीप करकेट्टा के मार्गदर्शन में पांच वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो खुराक दी गई।

### 2047 तक 30 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

## प्रेसवार्ता : मोदी कर रहे विवेकानंद, गांधी और ठेंगड़ी के स्वदेशी स्वप्न को साकार: विधायक रामेश्वर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामेश्वर शर्मा ने इटारसी में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए देश की जनता से स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया, ताकि छोटे व्यापारियों, मजदूरों और उद्यमियों को लाभ हो तथा देश का पैसा देश के भीतर ही रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान और 'स्वदेशी संकल्प' को स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, और दत्तोपंत ठेंगड़ी के 'स्वदेशी स्वप्न' को साकार करने वाला बताया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और नर्मदापुरम इटारसी विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगर पालिका इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे भी मौजूद रहे।

शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र और 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है, जिसका मार्ग 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्वदेशी' से होकर जाता है। उन्होंने 'हर घर स्वदेशी' को मंत्र बताया और कहा कि आज स्वदेशी का मतलब केवल खादी या दिए नहीं, बल्कि 'ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर सेमीकंडक्टर' तक है।

### ये बताई उपलब्धियां...

**रक्षा उपकरण** : भारत अब 450 से अधिक रक्षा उपकरण स्वयं बना रहा है और निर्यात कर रहा है। रक्षा निर्यात 2024-25 में 21 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

**मोबाइल फोन** : भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है, जहाँ 97 फीसद मोबाइल यहीं एसेम्बल/निर्मित हो रहे हैं।

**सेमीकंडक्टर/चिप्स** : 100 फीसद आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए गुजरात में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और माइक्रोन के संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**खाद्यान्न** : भारत खाद्यान्न उत्पादन में विश्व में दूसरे नंबर पर है, कुल उत्पादन 2024-25 में 353.96 मिलियन टन रहा।

## वाहनों की तीखी रोशनी में नजर नहीं आते दूसरे वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एक समय था जब महानगरों में ही सफेद रोशनी वाले वाहनों के कारण अन्य वाहनों के चालकों को परेशानी होती थी। लेकिन अब यह समस्या छोटे शहरों व कस्बों तक पहुंच गई है। जहां लोग बाइक्स तक में सफेद रोशनी के बल्ब उपयोग कर रहे हैं। जिसके कारण सामने से आते पीली रोशनी वाले वाहन काफी समीप आने पर दिखाई देते हैं। इस स्थिति में अन्य चालकों के लिए वाहन संभालना मुश्किल होता है। तथा दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। मामले में नर्मदापुरम् आरटीओ सहित कर्मचारियों की लापरवाही दिनों दिन उजागर हुई है। लेकिन कार्यवाही ठप है।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा विक्रय के 7 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम हेतु कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने खेड़ीपुरा, टंकी मोहल्ला, मसनगांव, टेमलावाड़ी, जूनापानी व रहटाकला में दबिश देकर कुल 16 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 9 पाव देशी मदिरा शराब एवं 610 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 64875 रुपये है।

### ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन करने का दायित्व ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव का रहेगा, जिसका पर्यवेक्षण जनपद पंचायत सीईओ एवं संबंधित एसडीएम द्वारा किया जाएगा।

### यातायात का पालन करने वाले नागरिकों को किया जा रहा सम्मानित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सराहनीय पहल की गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने वाले एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले जिम्मेदार नागरिकों को फूल देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना और सुरक्षित ड्राइविंग की आदत विकसित करना है।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाए जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें।

---

### भ्रमण कर नहरों के संधारण कार्य का निरीक्षण किया

# कमिश्नर ने किसानों को भावांतर योजना के लाभों की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने गुरूवार को जिले के सोडलपुर (बेहरागांव माइनर) एवं कमताड़ा (झांझरी माइनर) का भ्रमण कर नहरों के संधारण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने किसानों को भावान्तर योजना के लाभों की भी जानकारी दी। तिवारी ने किसानों से कहा कि आज 17 अक्टूबर भावान्तर योजना में पंजीयन की अंतिम तिथि है। अतः सभी किसान सोयाबीन फसल का इस योजना में पंजीयन अवश्य कराएं। आयुक्त ने इस दौरान सोयाबीन फसलों में हुए नुकसान के सर्वे की भी जानकारी ली। साथ ही उर्वरक वितरण व्यवस्था पर भी किसानों से चर्चा की। आयुक्त ने किसानों को समझाइश दी कि बरसात के उपरान्त नहरों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, जिसको शीघ्रता से पूर्ण कर लिया जाएगा। तदुपरान्त नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह से सिंचाइ का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जिस पर मौजूद किसानों ने सहमति जताई। भ्रमण के दौरान उपायुक्त विकास जी.सी. दोहर, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेयी, उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

#### भावांतर योजना में व्यापारियों का पंजीयन करने का सुझाव

सरकार की भावांतर योजना में किसानों की जगह व्यापारियों का पंजीयन करने का सुझाव दिया गया है। यह मांग जमना जैसानी फाउंडेशन के सदस्य शांति कुमार जैसानी ने की है। उनका मानना है कि इससे किसानों की आय सुरक्षित होगी और योजना की मौजूदा व्यावहारिक चुनौतियाँ कम होंगी। शांति कुमार जैसानी ने बताया कि वर्तमान प्रक्रिया में किसानों को सीधे भावांतर राशि मिलती है, जिसमें कई दिक्कतें आती हैं। मंडियों में व्यापारी ही किसानों से फसल खरीदते हैं। प्रत्येक व्यापारी का पूरा डिजिटल रिकॉर्ड मंडी के पास होता है। किसानों से खरीद की तारीख, मात्रा और दर का विवरण शामिल होता है। शांति कुमार का कहना है कि प्रदेश में लाखों छोटे और सीमांत किसान हैं, जिनकी फसलें 1 क्विंटल से लेकर 200 क्विंटल तक बिकती हैं। ऐसे में प्रत्येक किसान का पंजीयन करना, उपज का सत्यापन करना और समय पर भुगतान करना प्रशासनिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण और खर्चीला है।

---

### पोषण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

# महिलाओं को संतुलित आहार स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ग्राम सुल्तानपुर विकासखंड हरदा में बुधवार को पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता, एनीमिया नियंत्रण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. संध्या मूरे ने बताया कि संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है, एवं बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं में कुपोषण को समाप्त करने के लिए सामुहिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर केंद्र की वैज्ञानिक जागृति बोरकर द्वारा पोषण आधारित गीत, एवं स्वास्थ्य एवं पोषण पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कराए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाओं द्वारा संतुलित आहार केंद्रित अनाज, दाल, फल एवं सब्जियों से रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामवासियों को केंद्र प्रमुख डॉ. मूरे द्वारा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन बैरागी, सहायिका एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

---

### रेस्क्यू टास्कफोर्स सदस्यों का आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

# होमगार्ड और एसडीईआरएफ ने अग्नि व विस्फोट दुर्घटना के बारे में जागरुक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला एवं तहसील स्तर पर इंसिडेंट रेस्पॉंस टीम रैस्क्यू टास्कफोर्स सदस्यों का गुरूवार को अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के तहत अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का प्रदर्शन होमगार्ड व एसडीईआरएफ के माध्यम से किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने किया।

उन्होने इस दौरान प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया तथा आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी का निरीक्षण कर आपदा उपकरणों की जानकारी ली। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. रामकृष्ण गुर्जर ने अग्नि दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को प्रथमोपचार के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड जे.एल. कोठारी ने आग आपदा राहत खोज एवं बचाव तकनीकी विषय पर जानकारी दी। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड इन्दल उपनारे, प्लाटून कमाण्डर जे.एल. कोठारी सहित होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित थे।

---

# फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण अंतर्गत कार्य का निरीक्षण किया, निर्देश दिए

### प्रेक्षक ने नगरीय निकायों, पंचायतों का भ्रमण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2025 के पर्यवेक्षण के लिये नियुक्त प्रेक्षक आर.आर. वामनकर ने गुरूवार को खिरकिया अनुभाग की ग्राम पंचायत बारंगी, मोहलकला, पड़वा, नगर परिषद खिरकिया एवं सिराली नगर परिषद में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने उपस्थित अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, तहसीलदार सिराली, नायब तहसीलदार सिराली, नायब तहसीलदार खिरकिया, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ खिरकिया एवं सिराली उपस्थित थे।

---

### वृद्ध दलित महिला को दबंगों ने पीटा

# आरोपः गांव से भगाने की धमकी भी दे रहे, महिला बोली- मकान के पास कब्जा करना चाहते हैं



**सीहोर।** जिले के ग्राम तकीपुर में एक वृद्ध दलित महिला को दबंगों द्वारा लाठियों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला लीलाबाई मालवीय का आरोप है कि आरोपी अब उन्हें गांव से भगाने की धमकी दे रहे हैं। महिला का कहना है कि मारपीट की घटना 8 अक्टूबर को हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लीलाबाई मालवीय ने बताया कि गांव के राजमल परमार और उनके बेटे महेश परमार व कमलेश परमार ने उन्हें बेरहमी से पीटा था। उनके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान हैं। महिला का आरोप है कि आरोपी उनके मकान के पास की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, जिसके चलते यह विवाद हुआ। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। आरोपी घूम रहे हैं और उन्हें लगातार धमकियां दे रहे हैं।

---

### जिला पंचायत सीईओ ने चर्चा कर उत्पादों को देखा

# दीपावली पर्व पर जिले के ग्रामीण व शहरी स्वयं सहायता समूह बेचेंगे अपने उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले के ग्रामीण एवं शहरी स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को दीपावली के अवसर पर मार्केट स्थान जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजलि जोसेफ ने जिला पंचायत परिसर में बैठक आयोजित कर स्वयं सहायता समूह से चर्चा कर उत्पादों का अवलोकन किया। इन उत्पादों में दीपक, साज सज्जा, पशु सजावट सामग्री, पूजन सामग्री आदि उत्पाद शामिल किए गये है। जिला पंचायत की सीईओ जोसेफ ने नगरीय क्षेत्र के स्थानों का निरीक्षण भी किया, जहां समूह के द्वारा उत्पाद बेचे जा सकें।

---

# कम बारिश, कलेक्टर ने दिए निर्देश नदियों का पानी बोरी बांध से रोककर भूजल स्तर बढ़ाएं

**सीहोर।** जिले में इस मानसून सीजन में पिछले साल की तुलना में कम बारिश दर्ज की गई है। जिले में 1088 एमएम वर्षा हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1133 एमएम बारिश हुई थी। वर्षा ऋतु की समाप्ति को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जल संरक्षण के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि नदियों और छोटे नालों में व्यर्थ बह रहे पानी को रोका जाए। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह बोरी बांध बनाकर पानी को रोका जा सकता है। इससे उस क्षेत्र का जलग्रहण और भूजल स्तर बढ़ेगा।

#### कुछ समय तक पानी बचाया जा सकेगा

इस पहल से किसानों को फसलों की सिंचाई, मवेशियों को पीने और अन्य जरूरतों के लिए कुछ समय तक पानी बचाया जा सकेगा। उन्होंने किसानों को भी जागरूक करने पर जोर दिया कि वे अपने खेतों में ढलान वाली जमीन पर पानी का संचय करें। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्प्रिंकलर सिंचाई के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिए।

---

### बाजारों में प्रतिदिन की भांति ठेले यथावत लग रहे

# त्योहार से पहले बाजार में अव्यवस्था का लग रहा 'जाम', नपा की चेतावनी बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



दीपावली पर्व के चलते बाजार की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नगर पालिका द्वारा की गई सख्त मुनादी बेअसर साबित हो रही है। नपा ने पिछले गुरुवार को लाउडस्पीकर से सार्वजनिक घोषणा कर ठेले और हाथगाड़ी वालों को मुख्य बाजार क्षेत्र से हटने और उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, लेकिन बाजार में नपा की यह सख्ती बेअसर नजर आ रही है।

बाजारों में प्रतिदिन की भांति ठेले यथावत लग रहे हैं, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा गई, बल्कि ग्राहकों को भीड़ और अव्यवस्था के बीच से निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। नपा की चेतावनी को ठेला संचालकों ने पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया और नपा अमला कार्रवाई के लिए मैदान पर उतरा ही नहीं।

**गांधी रोड तक पहुंच रहे दो पहिया वाहनः** त्योहार में महज एक सप्ताह बचा है और बाजारों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसी समस्या को देखते हुए नपा ने मुख्य मार्गों को ठेला मुक्त करने का फैसला लिया था, ताकि पैदल चलने वालों को राहत मिले और जाम की स्थिति न बने। लेकिन प्रतिबंध लागू होने के के असर नजर नहीं आ रहा है। सबसे खास बात यह है कि शहर के सबसे व्यस्त गांधी रोड पर दिन भर दो पहिया वाहन नजर आ रहे हैं, जो दुकानों के सामने ही पार्क हो रहे हैं, जिससे गांधी रोड पर अव्यवस्था नजर आ रही है।

**भीड़ बढ़ेगी, मुश्किल बढ़ेगी :** यदि नगर पालिका अपनी ही चेतावनी पर सख्ती से अमल नहीं करती है तो आगामी दिनों में हालात और भी बिगड़ने वाले हैं। दीपावली नजदीक आने पर ग्राहकों की भीड़ चरम पर होगी और मुख्य मार्गों पर ठेले खड़े रहने से यातायात जाम और अव्यवस्था का स्तर लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा देगा। आमजनों का कहना है कि तहसील चौराहा, कोतवाली चौराहा, अमर टॉकीज, अस्पताल चौराहा पर ही वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हो, ताकि वाहन बाजार में न आ सकें।

---

# लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए निकाली गई जनआक्रोश रैली

### राष्ट्रव्यापी आह्वान पर छह संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**सीहोर।** संविधान और लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को जनआक्रोश रैली के बाद भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया।



भारतीयों के मताधिकार के मौलिक अधिकार, संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा और बहुजन समाज के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार के लिए और उनके ऊपर हो रहे अन्याय अत्याचार के विरोध में न्याय के लिए तथा निम्न स्थानीय स्तर के महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बहुजन समाज के देशभर के हजारो संगठनों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन, जेलभरो आंदोलन और जन आक्रोश रैली निकालने की घोषणा की गई है। यह आंदोलन वर्तमान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों तथा प्रशासन की मूलनिवासी बहुजन समाज विरोधी विभिन्न नीतियों और बहुजन समाज के ऐतिहासिक व संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा के विरोध किया जा रहा है। विभिन्न संगठनों के द्वारा सभी चुनावों में ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर ससे चुनाव कराने, पिछड़े वर्ग ओबीसी की सभी जाती समूहों की जातीय आधारित जनगणना कराने, आदिवासियों पर हो रहें अन्याय को रोकने, मुस्लिम, इसाई और बौद्ध समुदाय के संवैधानिक अधिकार, सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने, धार्मिक भेदभाव, हिंसा और उत्पीडऩ और मॉबलिंचिंग को रोकने, सरकारी कर्मचारियों को प्रोन्नति देने और आरक्षण तत्काल लागू किए जाने, बहुजन समाज से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय तथा स्थानीय मुद्दों मांगों को पूरा किए जाने की मांग की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा मध्यप्रदेश जनक सिंह परमार, भोपाल संभाग प्रभारी भारतीय विद्यार्थी मोर्चा बी एस भदोरिया, ओबीसी महासभा चांद सिंह मेवाड़ा कार्यकारी जिला अध्यक्ष जनपद भारतीय मुक्ति मोर्चा जूल सिंह मालवीय, बधूल सिंह, राम सिंह मालवीय आदि मौजूद रहे।